हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 मई 2024

04 मतदान दल गंतव्य के लिए हुए रवाना



07 आशीष सेन बने सेन समाज के नगर अध्यक्ष





### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# मौत को न्योता देते बोरवेल व ट्यूबवेल के गड्ढे तत्काल बंद कराने की कवायद शुरू

मौत को न्योता देते खुले बोरवेल और गड्ढे बंद करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कवायद शुरू की गई है। सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों के निर्देश दिए हैं कि गड्ढों का सर्वे कराकर तत्काल कार्रवाई की जाए। वहीं नागरिकों से कहा है कि यदि आपके घर के आसपास बोरवेल व गड्ढे हैं तो उसकी शिकायत कराकर समस्या का समाधान कराएं। अधिकारी समस्या का निराकरण करेंगे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खुले पड़े बोरवेल और गड्ढों से कई बार घटनाएं घटित हुई हैं जिससे कुछ जिलों में खुले बोरवेल में मासूम बच्चे खेलते खेलते गिर गए जिससे उनकी या तो मौत हुई है या उनका जीवन संकट में पड़ गया है। इसी को दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर ने सोमवार को आयोजित समयसीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कहीं भी बोरवेल एवं ट्यूबवेल के गडढे खुले ना रखे जाएं, गड्ढे खुले रहने पर कभी भी आकस्मिक रूप से गड्ढे में किसी के भी गिरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने आज समय सीमा की बैठक में दिए। कलेक्टर ने पीएचई, सभी नगर पालिका अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र के गांव एवं नगर में यह सुनिश्चित करें कि कहीं पर भी खेत में या अन्य स्थान पर लोगों ने बोरवेल एवं ट्यूबवेल खनन कर गड्ढे खुले तो छोड़ नहीं दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के अंदर सर्वे कराकर अपने रिपोर्ट से जिला प्रशासन को अवगत कराएंगे और संयुक्त रूप से इस आशय का प्रमाण पत्र देंगे कि उनके अधिकृत क्षेत्र में कहीं भी गड्ढे खुले नहीं है। कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत को भी निर्देश दिए की वे जिला एवं तहसील स्तर पर समिति बनाकर सर्वे कराने का कार्य सुनिश्चित करें। बताया गया कि वर्तमान में सीएम हेल्पलाइन में भी यह ऐड हो चुका है कि यदि कहीं पर भी ट्यूबवेल या बोरवेल के गड्ढे खुले हो तो कोई भी व्यक्ति यहाँ पर अपनी शिकायत कर सकता है। शिकायत करने पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल निराकरण भी किया जाएगा।

### 'समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का परिवहन करें'

गेहूं उत्पादन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की गेहूं का जितना उठाव हो रहा है उतना ही परिवहन भी होता रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं उपार्जन का भुगतान समय पर होता रहे। कलेक्टर ने कहा कि जितने भी जांच वाले वेयरहाउस हैं उनकी नास्ति अभिलंब प्रस्तुत की जाए।

### खेतों तक पहुंचाए एनटी लाइन

कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए की वे उन विस्थापित गांव जहां किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है और वे किसी कारणवश गेहूं उपार्जन से वंचित है उन सब का आधार नंबर, बैंक अकाउंट का पंजीकरण प्राथमिकता से करके उन्हें इसी माह गेहूं उपार्जन का लाभ दिया जाए। कलेक्टर ने विस्थापित ग्राम नया धाई में भी सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। बताया गया केसला में कुछ लोगों ने गांव से बाहर मकान बना लिए हैं वहां बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है। बिजली के तार टेंपरेरी घर तक तो पहुंच रहे हैं लेकिन उनके खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक को निर्देश दिए की वह बस्ती विकास फंड से विद्युतीकरण करने का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने एनटी लाइन खेतों तक भी पहुंचने के निर्देश दिए।

### लंबित प्रकरणों में लापरवाही पर मिलेंगे नोटिस

मटकुली और उसके आसपास बंदरों की बहुतायत से आम लोग परेशान हो रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं वन विभाग की टीम बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। पशुपालन विभाग के उपसंचालक ने बताया कि मिल्क पार्लर खोलने के लिए पिपरिया इटारसी बानापुरा सहित नौ जगह भूमि का चिन्हांकन किया जाना है। कुल नौ जगह मिल्क पार्लर स्थापित किए जाएंगे। एलडीएम ने बताया कि सेमरी हरचंद में बैंक की शाखा खोलने के लिए लोगों ने मांग की है। शीघ्र ही विभिन्न बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित कर बैंक शाखा खोलने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने वर्ष 2022-23 की लंबित शिकायतों के अब तक निराकरण न होने पर नाराजगी व्यक्त की और कहां की 6 माह से ऊपर के लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे। बैठक में ईपीडब्ल्यूडी ने बताया कि सोहागपुर के पाला देवरी बाईपास एवं बोरना मीठठा बाईपास में भू अर्जन की कार्रवाई होनी है। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को भू अर्जन की कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में 2 घंटे के लिए समर कैंप आयोजित कराए जाएंगे, जहां बच्चों से विभिन्न एक्टिविटी कराई जाएगी।

### सिकल सेल एनिमिया की पहचान जारी

सीएमएचओ ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया के तहत इस वर्ष दिए गए लक्ष्य में से 85 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अभी भी केसला ब्लॉक में घर-घर एवं स्कूलों में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर सिकल सेल एनीमिया की पहचान की जा रही है। ट्राइबल हॉस्टल में भी स्वास्थ्य जांच कर ली गई है। मुख्यतः 40 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों में सिकल सेल एनीमिया की पहचान की जा रही है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की वह एक सप्ताह के अंदर अपने पुराने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने का कार्य करें। बैठक में जिपं सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर डीके सिंह, एसडीएम नीता कोरी, डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सतरास्ते पर धूं-धूं कर जला ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सतरास्ते से स्टेशन रोड पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग ऐसी थी जैसे पटाखों की लड़ फूटती है, उसी प्रकार डीपी में से आग निकलती रही। आसपास के दुकानदार और राहगीरों में हड़कंप मच गया। पूरे घटनाक्रम को वहां खड़े कुछ लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक रविवार देर रात करीब 9 बजे नर्मदापुरम के सतरास्ते से स्टेशन रोड पर लगी बिजली की डीपी में आग लगी। आग ओवरलोड की वजह से लगी। डीपी में जैसे ही आग लगी, तभी पटाखों की आवाज के साथ डीपी में से चिंगारियां निकलने लगी।डीपी के आसपास सड़क से लोग इधर-उधर होने लगे। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोगों ने इस बीच डीपी में लगी आग को रेत की मदद से बुझने का प्रयास भी किया।

इसी बीच कुछ डीपी के पास खड़े स्वयं के वाहनों को वहां से हटाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। पूरी घटना की सूचना स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों ने बिजली कंपनी को दी। कुछ देर बाद बिजली कर्मचारियों की टीम ने डीपी में लगी आग को बुझाने का कार्य किया। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# 'शहर में अवैधानिक गतिविधियां नहीं होंगी'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों नर्मदापुरम में अवैध रूप से बिक्री हो रही शराब से आमजन परेशान हैं। विगत दिनों रसूलिया में अवैध शराब बिक्री को रोकने के प्रयास में शराब माफिया ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव में उसकी बेटी को चोट आई। जिसकी शिकायत नागरिकों ने विधायक डॉ सीतासरन शर्मा से की। सोमवार को विधायक डॉ शर्मा ने रसूलिया पहुंचकर जानकारी ली और नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

# अब तक 15 हजार 553 पंजीकृत किसानों ने किया गेहूं का विक्रय

### किसानों को 215.39 करोड की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों के उपार्जन की खिड़की का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गेहूं उपार्जन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जिले में 178 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए थे जिनमें 177 उपार्जन केन्द्र संचालित है। गेहूँ उपार्जन का कार्य आगामी 20 मई तक किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि ई उपार्जन पोर्टल पर कुल 177 उपार्जन केन्द्र उपार्जन का कार्य कर रहे हैं, इनमें जेव्हीएस गोदाम परिसर स्तरीय 109, शासकीय गोदाम स्तरीय 20 स्टील साइलो स्तरीय 9 एवं समिति स्तरीय कुल 23 उपार्जन केन्द्र तथा मंडी/उपमण्डी स्तरीय 17 केन्द्र संचालित है। बताया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर कुल 28874 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किए गए हैं। जिनमें अब तक 15 हजार 553 किसानों ने अपने गेहूं का विक्रय कर चुके हैं।

इन किसानों से कुल 1 लाख 73 हजार 281 मे.टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं का परिवहन सतत रूप से किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 48 हजार 680 मे.टन गेहूँ का परिवहन किया गया है। साथ ही किसानों को 215.39 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। आज दिनांक तक एफसीआई को 48 हजार 556 मे.टन गेहूं का परिदान किया जा चुका है। साइलो भंडारण में 46 हजार 488 मे.टन उपार्जित गेहूं का भंडारण किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को गेहूँ उपार्जन का कार्य सुव्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए और कहा की सभी गेहूँ उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए पेयजल एवं छाव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

# साईटिस प्रजातियों का पंजीयन कराया जाए

### उप संचालक एसटीआर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 यथा संशोधित 2022 के अंतर्गत सिटीज स्पेशिस को अनुसूची चार में जोड़ा गया है। अतएव जिनके पास जीवित प्राणी साईटिस प्रजातियाँ है उनको पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के परिवेश पोर्टल 20 में ऑनलाईन आवेदन जमा कराकर 31 अगस्त 2024 तक पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। उप संचालक एसटीआर ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया है कि इस संबंध मे अधिक जानकारी के लिए निकटतम वनमंडल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। साईटिस प्रजातियाँ की जानकारी लिंक से प्राप्त की जा सकती है। साईटिस प्रजातियों के पंजीयन जन्म मृत्यु की जानकारी के लिए संधारण, स्वामित्व, हस्तांतरण, व्यापार व अन्य संबंधित कार्यवाही के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी मध्यप्रदेश को अधिकृत किया गया है। इसके लिए आवेदन किए जाएं। जिसका शुल्क भोपाल में जमा कराया जाएगा।

### आज ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का 30 दिवसीय आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में 7 मई को कलेक्ट्रेट सभागृह में प्रातः 11 बजे से बैठक आयोजित की गई है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए सर्व संबंधितों से अनुरोध किया है कि वे अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। बैठक में शिविर आयोजन की रूपरेखा, प्रशिक्षण अवधि की तिथि/समय/स्थान के साथ-साथ किस-किस खेल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है आदि बिन्दुओं पर चर्चा कर अंतिम निर्णय लिये जायेंगे।

### पर्यटक गर्मी से निजात पाने के लिए पचमढ़ी के झरनों में कर रहे स्नान


# नर्मदापुरम में नर्मदा से मिल रही गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदाचंल इन दिनों गर्मी से तप रहा है। पिछले एक पखवाड़े से दिन का पारा 40 डिग्री के आसपास ही बना हुआ है। गर्मी से राहत पाने के लिए एक ओर जहां लोग सुबह और शाम नर्मदा घाटों पर पहुंचकर स्नान कर रहे हैं। वहीं स्कूली बच्चे नर्मदा के जल में छाई छपा छई, छपा की छई करते हुए दोनों हथेली से जलक्रीड़ा कर गर्मी में नर्मदा जल का आनंद उठा रहे हैं। वहीं सुबह से ही सेठानीघाट के गोलघाट पर बच्चे लाइफ जैकेट, वाहनों के ट्यूब के अलावा झली हुई कुप्पी कमर में बांधकर तैराकी भी सीख रहे हैं। विदित हो कि नर्मदापुरम में मौसम का मिजाज ऐसा है कि दिन में चुभन वाली तेज धूप व गर्म हवा चल रही है। सतपुड़ा के पहाड़ों की रानी हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी 5 डिग्री पारा बढ़ने के साथ रात गर्म हो गई। हालांकि कुछ स्थानों पर मौसम बदलने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार जिले कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। राजस्थान की ओर से बने चक्रवात व पश्चिमी विक्षोभ व ट्रफ लाइन के प्रभाव के कारण जिले में बारिश व बादल छाए रहने की स्थितियां दो दिनों तक बनी रह सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस एवं रात का तापमान 24.6 डिसे दर्ज किया गया था। वहीं सोमवार को दिन का तापमान घटकर 39.6 डिसे एवं रात का तापमान बढ़कर 26.2 डिसे दर्ज किया गया।

### सतपुड़ा की वादियों में भी गर्माहट, झरनों से राहत

पहाड़ों की रानी पचमढ़ी में गर्माहट बरकरार। दिन के साथ रात भी गर्म हो रही है। पिछले 24 घंटे में रात में पारा 5.2 डिग्री बढ़ा है। रविवार को न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री था, जो सोमवार को 25 डिग्री दर्ज हुआ। दिन में पारा 34 डिग्री दर्ज हुआ है।



### गर्मियों में पर्यटकों की पहली पसंद बना पचमढ़ी का बी-फाल

गर्मी से राहत पाने और प्राकृतिक झरने का दृश्यावलोकन करने के लिए पचमढ़ी में देश के विभिन्न प्रदेशों एवं विदेशी पर्यटक पहुंच रहे हैं। इन दिनों शहर में कई झरने हैं लेकिन उनमें से बी फॉल सबसे लोकप्रिय माना जाता। पचमढ़ी पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। यहां हम साल भर पर्यटन गतिविधियां देख सकते हैं। यह घाटी के नीचे एक प्राकृतिक जलप्रपात है, जहां कुछ दूरी तक जीप की मदद से और फिर पैदल पहुंचा जा सकता है। पचमढ़ी में कई जलप्रपात हैं, लेकिन कोई भी बी फॉल जैसा नहीं है, क्योंकि एक बारहमासी धारा का पानी 35 मीटर नीचे गिरता है, जो यहां आने वाले सभी प्रकृति प्रेमियों को एक शानदार दृश्य देता है।पचमढ़ी के आसपास कई जलप्रपात हैं, लेकिन एक बड़ी ऊंचाई से पानी की एक संकीर्ण धारा के गिरने की सुंदरता, और जब यह पिघलती हुई चांदी की तरह गिरती है, यह सब बी फॉल को अन्य के समान बनाता है। गर्मियों में यहां आना उन सभी प्रकृति प्रेमियों के लिए शुभ समय हो सकता है जो कभी माँ प्रकृति के करीब होने की ठंडक महसूस करना चाहते थे।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में 07 मई को दोपहर 3:15 बजे से कलेक्ट्रेट के रेवासभा कक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय एवं स्थान पर अपने-अपने पीपीटी के साथ बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।


### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन अब 20 मई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन अब 20 मई तक किया जा सकेगा। पूर्व में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि नर्मदापुरम जिले के लिए 7 मई निर्धारित की गई थी। कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पूरे प्रदेश में अब समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि को 20 मई 2024 तक बढ़ाया गया है। फिलहाल सरकार द्वारा सभी खरीदी केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर किसानों से उपज की खरीदी की जा रही है।

# तवा केनाल से पानी नहीं मिलने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



इन दिनों मूंग की फसल की सिचांई के लिए तवा नहर की बांई केनाल से पानी नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि इन दिनों हरदा जिले को तवा नहर का पानी फुल गेज के साथ दिया जा रहा है। वहीं नर्मदापुरम में किसानों को पर्याप्त गेज का पानी नहीं मिलने से टेल क्षेत्र की मूंग की फसल सूखने की कगार पर है। भारतीय किसान संघ के उदय पांडे ने बताया कि दांई केनाल में तो पानी मिल रहा है। लेकिन बांई तट में पानी नहीं मिलने से किसानों ने आगामी दिनों में आंदोलन करने की बात कही है। विगत दिनों बांई केनाल से पानी नहीं मिलने पर किसानों ने सिवनीमालवा के एसडीएम की अध्यक्षता में भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने पर्याप्त गेज में पानी नहीं मिलने से किसानों की फसलों में नुकसान हो रहा है और फसल सूखने की कगार पर पहुंच रही है। एसडीएम ने इस दौरा आश्वस्त करते हुए कहा था कि शीघ्र ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं होने से परेशान किसानों ने आंदोलन करने की बात भी की है। देखना यह है कि तीन बार कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त करने वाले किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए पानी कब तक मिल पाएगा। फिलहाल किसान तवा नहर से मिलने वाले पानी का बेसबरी से इंतजार कर रहे हैं। यदि सरकार ने समस्या का समाधान नहीं किया तो फसलों के नुकसान की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप

### केरपानी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे पंडित प्रदीप मिश्रा

**बैतूल।** विश्व प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सोमवार को केरपानी के हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। यहां पर उन्होंने दर्शन कर प्रसाद प्राप्त किया। लगभग 8 से 10 मिनट तक मंदिर परिसर में रहकर वह अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि वह बैतूल परतवाड़ा मार्ग से परतवाड़ा में शिव पुराण कथा में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान वह केरपानी स्थित हनुमान मंदिर में रुके और यहां दर्शन किए। पंडित प्रदीप मिश्रा के केरपानी में पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### मतदान केंद्र पहुंचे मतदान दल

**शाहपुर।** लोक सभा चुनाव 7 मई2024 को संपन्न कराने हेतु शासकीय महाविद्यालय शाहपुर से मतदान दल हुए रवाना। और निकट के मतदान केंद्र पर मतदान दल सुबह ही अपनी पूरी पार्टी और सामग्री को लेकर मतदान केंद्र स्थल पर पहुंचे। जहां पर उनका बी एल ओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य कर्मचारियों के द्वारा ढोल बाजों के साथ भव्य स्वागत फूल मालाओं से किया गया।आज दिनांक 6मई 2024को सीएम राइज शाहपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 126,127,128 में मतदान दल 11:45 बजे पहुंच गए। बीएलओ महेंद्र वर्मा, संजय वर्मा, श्वेता शुक्ला एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्ता ऊषा श्रीवास, नगर परिषद कर्मचारियो ने ढोल नगाड़ो के साथ फूल माला पहनाकर मतदान दल का आत्मीय स्वागत किया।

### ग्रापं के 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को नहीं मिल पाई घर पर मतदान की सुविधा


# सर्रा में मतदान नहीं कर पाई 100 वर्ष की बुजुर्ग लकवाग्रस्त दो बुजुर्गों के पास नहीं पहुंचा दल !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले की मुलताई तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सर्रा में बुजुर्ग, बीमार एवं निशक्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग शासन की घर में मतदान की सुविधा के तहत नहीं कर पाये। जिले की बात करें तो निर्वाचन अधिकारी एवं प्रशासनिक व्यवस्था के चलते दो चरणों में 96 प्रतिशत बुजुर्गों ने घर पर ही मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित की लेकिन बात जब सर्रा ग्राम पंचायत की आती है तो यहां उक्त श्रेणी के मतदाताओं में से एक भी मतदाता का मतदान न कर पाना बीएलओ की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सर्रा के सरपंच तुलाराम सूर्यवंशी ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी से भी शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जो बुजुर्ग मतदाता मतदान नहीं कर पाये है उनमें तीन बुजुर्ग लकवाग्रस्त है जिनकी उम्र 81, 71 और 86 वर्ष है, निशक्त बुजुर्गों को सुविधा से वंचित किया गया है। सरपंच श्री सूर्यवंशी का आरोप है कि दबंग एवं आपराधिक प्रवृत्ति के शिक्षक बीएलओ की दबंगई से पूरा गांव परेशान है। उन्होंने आशंका जताई कि बीएलओ 7 मई को होने वाले मतदान को भी प्रभावित कर सकते है इसी के तहत उन्होंने कलेक्टर से उचित कारवाई की मांग की है।

### मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं बुजुर्ग

सरपंच तुलाराम सूर्यवंशी ने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत में 22 बुजुर्ग ऐसे है जो या तो अस्वस्थ है या जिनकी उम्र इतनी अधिक है कि वे मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंच पाएंगे। ऐसे में आशंका यह है कि 22 मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित रह जाएंगे। उक्त 22 बुजुर्गों में एक दर्जन बुजुर्ग निर्वाचन आयोग के मापदंडों के अनुसार घर पर ही मतदान के पात्र थे लेकिन बीएलओ की लापरवाही से मतदान नहीं कर पाये। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत सर्रा में बीएलओ धर्मराज पिता गौरीशंकर गढ़ेकर द्वारा निर्वाचन आयोग के नियमों एवं दिशा निर्देशों का मखौल उड़ाया जा रहा है। बीएलओ धर्मराज ने अपनी मनमानी करते हुए उक्त पात्र



मतदाताओं का मतदान घर पर नहीं होने दिया। बीएलओ ग्राम पंचायत सर्रा का ही निवासी है तथा इनकी पोस्टिंग भी गृह ग्राम में ही है। पूर्व में भी बीएलओ धर्मराज पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में अपनी दबंगई दिखाते हुए चुनाव को प्रभावित करने की हरकतें कर चुके है। इसी से आशंकित होकर सरपंच द्वारा शिकायत कर बीएलओ के अन्यत्र स्थानांतरण एवं चुनाव प्रक्रिया निर्विरोध एवं निष्पक्ष कराने की मांग की है।

**बीएलओ के नियंत्रण में नहीं प्रकिया**

मतदान दलों द्वारा घर-घर फार्म पहुंचाए गए। अकेले बीएलओ के नियंत्रण में यह प्रक्रिया नहीं है। बुजुर्गों व निशक्तों के मतदान के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, ग्रामीण, प्रशासन की टीम मौजूद रहती है।

**नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी**, निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर

**मतदाताओं के बीच पहुंचे**

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदाताओं के बीच पहुंचे, उनके द्वारा मतदान केन्द्र पर ही मतदान करने की इच्छा जाहिर की गई, इसकी पावती भी है। सूची में तीन बुजुर्ग मतदाता 85 प्लस के थे, उनमें एक का निधन हो चुका है।

**धर्मराज गढ़ेकर**, बीएलओ सर्रा

### बीएलओ का कहना मात्र तीन बुजुर्ग 85 प्लस, मतदान केन्द्र पर करेंगे मतदान

*बीएलओ धर्मराज की माने तो उनके अधिकार क्षेत्र में मात्र तीन ही बुजुर्ग 85 प्लस है। जिनमें से एक मतदाता सरस्वती बाई का निधन हो चुका है जबकि देवकी बाई जिनकी उम्र 100 वर्ष है उन्होंने घर पर मतदान करने से मना कर दिया। ऐसे में बीएलओ ने देवकी बाई एवं एक अन्य बुजुर्ग की पावती लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के पास जमा कराई। इधर सरपंच तुलाराम सूर्यवंशी ने जिन 22 निशक्त एवं अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाता की सूची कलेक्टर को सौंपी है उनमें सखाराम पिता सालकराम 87 वर्ष, जगन पिता शोभाचंद 91 वर्ष, कपूरचंद पिता मौजी नरवरे 86 वर्ष, सालकराम पिता शोभाचंद 94 वर्ष, पूरन पिता रुपचंद 89 वर्ष, देवकी पति लालचंद 100 वर्ष, पन्नालाल पिता भिल्लू 88 वर्ष, गया पति भूमा 85 वर्ष शामिल है। इसके अलावा तीन बुजुर्ग इस सूची में ऐसे भी है जो लकवाग्रस्त है और चलने में असमर्थ है। सरपंच का आरोप है कि मतदान दल निशक्त एवं बुजुर्ग मतदाताओं के बीच पहुंचा हीं नहीं। बीएलओ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमित करने के भी आरोप लगाएं गए है। बहरहाल ग्राम पंचायत सर्रा में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के साथ जो बुजुर्ग एवं निशक्त घर पर मतदान नहीं कर पाये उनके लिए सुविधाजनक मतदान की व्यवस्था बनाए जाने एवं बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई की मांग सरपंच ने कलेक्टर से की है।*

### मतदान दल गंतव्य के लिए हुए रवाना

## जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले गए स्ट्रांग रूम



**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस के पूर्व मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की उपस्थिति में बैतूल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मतदान केन्द्रों के दलों को रवाना किया गया। सोमवार प्रातरू 7 बजे से मतदान कर्मी मतदान सामग्री के लिए जेएच कॉलेज परिसर में उपस्थित होना शुरू हो गए थे। एसडीएम राजीव कहार एवं तहसीलदार श्री पाठे द्वारा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोले गए। एसडीएम राजीव कहार ने सर्वप्रथम जन प्रतिनिधियों को बंद स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कराया। दल प्रतिनिधियों की संतुष्टि के पश्चात स्ट्रांग रूम खोले गए। इसके बाद दल प्रतिनिधियों को स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम के निरीक्षण के लिए ले जाया गया। उनके अवलोकन के बाद मतदान स्ट्रांग रूम बंद कराए गए। मतदान के लिए ग्राउंड परिसर में सेक्टर के अनुसार सुव्यवस्थित वितरण व्यवस्था की गई थी। मतदान दलों के लिए परिवहन व्यवस्था के साथ सुव्यवस्थित सुरक्षा बल तैनाथ थे।

**मतदान सामग्री:** मतदान सामग्री में ईवीएम के साथ बैलेट यूनिट और सीयू (कंट्रोल यूनिट) व्हीव्हीपॅट मशीनों को सील करने के लिए ग्रीन पेपर सील, पिंक पेपर सील, 20-20 निविदत्त मतपत्र, मतदान करने वाली निर्वाचन पंजी एवं अन्य प्रपत्र शामिल थे। मतदान दल विभिन्न सेक्टर्स के लिए बस से रवाना हुए। बैतूल के 32 सेक्टर्स में 297 मतदान केन्द्रों के लिए 92 बसे अधिग्रहित कर संबद्ध की गई। बैतूल जिले के संसदीय मतदान केन्द्रों के लिए 1134 बसे निर्वाचन कार्य से संबद्ध की गई।

## रफ्तार में टकराईं बाइक, बाइक पर सवार मां की मौत, बेटा घायल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बैतूलदृसारनी मार्ग पर खमालपुर और हनुमानडोल के बीच दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में बाइक पर सवार मां की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है और घायल युवक को जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवकी पति रामपाल यादव उम्र 50 वर्ष अपने बेटे नितेश यादव उम्र 25 वर्ष निवासी चिखली आमढाना रविवार शाम बाइक से चिखली आमढाना से बैतूल आ रहे थे। रास्ते में खमालपुर और हनुमानडोल के बीच पल्सर बाइक ने उनकी बाइक को अचानक ही जोरदार टक्कर मार दी । जिसमें मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल 108 एंबुलेंस को दी तभी सूचना पर एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों ही घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने देवकी यादव को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक नितेश यादव को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल महिला की शव का सोमवार जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है और घायल युवक को जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## मतदान करवाने आए अधिकारी सुरक्षाकर्मियों का गर्म जोशी स्वागत

### चलो बूथ की ओर कार्यक्रम को मिल रहा ग्रामीण क्षेत्रों में रुझान




**सारनी।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान मंगलवार को होने हैं इसके पहले मतदान दल के अधिकारी और मतदान करवाने की जिम्मेदारी सुरक्षाकर्मियों पर है,उनके पाथाखेड़ा क्षेत्र में आगमन पर गर्म जोशी के साथ सारनी के नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया के माध्यम से ताल नगाड़े के साथ और पुष्पगुच्छ पुष्प माला पहनकर आए अधिकारियों का स्वागत करने का कार्य किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में चलो बुत की ओर कार्यक्रम के तहत नायब तहसीलदार एवं नगर पालिका परिषद सारनी के कर्मचारियों के माध्यम से गांव में पहुंचकर 7 मई को अधिक से अधिक मतदान हो सके इसको लेकर जागरूकता दिखाई दे रहे हैं। नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया ने बताया कि प्रदेश सरकार के मानसा के अनुरूप शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मत प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस हिसाब से शाहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए मतदान में रुझान देखा गया है उसे ऐसा प्रतीक होता है जैसे बैतूल जिले के पांचो विधानसभा में बेहतर मत प्रतिशत रहेगा।

### 12 लाख से अधिक मतदाता करेंगे अपने मत अधिकार का उपयोग

*बैतूल जिले के पांच विधानसभा में 12 लाख 36 हजार 315 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे इस लोकसभा चुनाव में 36 हजार 371 नए मतदाता है। जो लोकसभा में पहली बार अपने मत अधिकार का उपयोग करेंगे 1581 बुत पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 5590 सुरक्षा कर्मी की तैनाती की गई है। बैतूल जिले के 1581 बुतों पर मतदान करने के लिए दल सोमवार दोपहर तक अपने मत बुत पर सुरक्षा कर्मियों के साथ पहुंचकर वहां की व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य कर चुके हैं। मंगलवार को सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। बैतूल के कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने संपूर्ण जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपने घरों से निकलकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है ताकि मत प्रतिशत बेहतर हो सके उन्होंने यह भी कहा है कि लोकतंत्र के इस महान कार्य में अपनी आहुति देकर बेहतर सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान भी दिया जाना चाहिए।*

## शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त लगा लंबा जाम, एंबुलेंस भी फंसी



**बैतूल।** कोठी बाजार कमानी गेट के पास साप्ताहिक बाजार के दिन हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। रविवार को भी शाम 6बजे लंबा जाम लग गया। सैकड़ो वाहन जाम में फंसे रहे। जाम में एंबुलेंस भी फस गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद एंबुलेंस को जाम से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार शाम 6 बजे जाम लग गया। साप्ताहिक बाजार होने के बावजूद भी कई बड़े वाहन प्रवेश कर गए थे। जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। रानीपुर मार्ग पर भी लगभग 1 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई तो इधर गणेश चौक तक सड़क पर वाहनों की कतार लगी थी। लगभग 2 घंटे तक सैकड़ो वहां जाम में फंसे रहे। रानीपुर तरफ से आ रही एंबुलेंस जाम में फस गई है। अधिकतर देखने में आता है कि यहां साप्ताहिक बाजार के दिन कई बार एंबुलेंस से भी जाम में फंस जाती है। यहां यातायात व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। क्या पुलिसकर्मी मौजूद होने के बाद भी जाम लग जाता है।

## आरडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की पहल पर 173 युवाओं को मिलेगा रोजगार

### आरडीपब्लिक स्कूल में आयोजित मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले में क्वालिटी एजुकेशन देने के साथ ही बच्चो को काम्पीटेटिव एग्जाम की तैयारी करवाकर मेडीकल, इंजीनियरिंग, प्रबंधन सहित अन्य क्षेत्रों में रोजगार की राह दिखाने वाले आरडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा जिले के युवाओ को रोजगार दिलाने की ठोस पहल कर सामाजिक सरोकार की अनूठी मिशाल पेश की है। आरडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल की पहल पर आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव में 20 से अधिक कम्पनियों ने सहभागिता कर निर्धारित मापदण्डो के आधार पर बैतूल जिले के 173 युवाओं का आत्मनिर्भरता का सपना साकार कर विभिन्न पदों पर उनका चयन किया है। जानकारों की माने तो सम्भवतरू बैतूल जिले में यह पहला मौका है जब किसी निजी शैक्षणिक संस्थान ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन कर युवाओं के रोजगार का सपना साकार किया है। मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव में शामिल हुई 20 से अधिक कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ ही चयनित युवाओं ने आरडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल के सामाजिक सरोकार से जुड़ी इस पहल को सराहनीय और अनुकरणीय बताकर उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### आरडी ग्रुप ने की रोजगार दिलाने की ठोस पहल

आरडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर द्वारा जिले के युवाओं को उनकी दक्षता और क्षमता के मुताबिक रोजगार दिलवाने के लिए ठोस पहल करते हुए आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में अपने स्तर पर मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव में 20 से अधिक कम्पनियाँ शामिल हुई। कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा लगभग 814 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। कम्पनियों के विशेषज्ञो द्वारा साक्षात्कार में योग्यता के आधार पर विभिन्न पदों के लिए 173 युवाओ का चयन कर उनके आत्मनिर्भरता के सपने को साकार किया।

### मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता

# मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, व्हीलचेयर्स, शेड व मेडिकल किट रहेगी उपलब्धः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल


लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी मतदान के दृष्टिगत मतदाताओं के लिए आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाएं मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि 7 मई को मतदान दिवस पर सभी 1581 मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए मेडिकल किट जिसमें प्राथमिक उपचार हेतु दवाएं, ओआरएस पाउडर के अलावा शुद्ध पेयजल, शौचालय, पंखे, शेड आदि व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्था के बारे में अद्यतन जानकारी ली।

### 36 हजार 684 युवा मतदाता करेंगे पहली बार मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 29-बैतूल अ.ज.जा. संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदान हेतु जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 1581 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है। जिले में दिनांक 04.04.2024 की स्थिति में 626774 पुरुष मतदाता, 609516 महिला मतदाता, 25 अन्य मतदाता सहित कुल 1236315 मतदाता है। जिनमें 18-19 आयु के 36684 मतदाता द्वारा पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे, इसके अतिरिक्त जिले में 2449 सेवा मतदाताओं के द्वारा ईटीपीबीएस के माध्यम से अपने मत का प्रयोग किया जावेगा। मतदान हेतु जिले के समस्त मतदान केन्द्रो पर मूलभूत आवश्यक सुविधाएं जैसे रैम्प, पानी, बिजली, पृथक महिला पुरुष शौचालय, संपूण मतदान परिसर में छाया हेतु टेंट, शीतल जल, कुर्सी पंखे एवं 17 विभिन्न प्रकार की आवश्यक दवाइयों की मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है। मतदान केन्द्र से 100-200 मीटर की दूरी का चिन्हांकन राजनैतिक दलों के लिये किया गया है। बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के आवागमन के लिये सुगम्य वाहन की व्यवस्था की गई है, जो मतदाता को उनके घर से मतदान केन्द्र तक लाने-जाने के लिये उपयोग किया जावेगा।

### 100 पिंक मतदान केन्द्र

जिले में महिला द्वारा संचालित 100 पिंक मतदान केन्द्र (विधानसभा क्षेत्र मुलताई में -15, आमला में 25, बैतूल में 40, घोड़ाडोंगरी में 10 एवं भैंसदेही 10) जिले में स्थापित किये गये है, सभी महिला मतदान केन्द्रों में मतदान अधिकारी से लेकर पुलिस व्यवस्था में महिला कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मान से 5-5 मतदान केन्द्रों पर (इस प्रकार जिले में कुल 25 आदर्श मतदान केन्द्र) आदर्श मतदान केन्द्र भी बनाये गये है। प्रत्येक आदर्श मतदान केन्द्र पर महिला पुरुष हेतु शौचालय, छाया, शीतल जल, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैम्प पंखे तथा नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर कूलर की भी व्यवस्था की गई है। आदर्श मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिये बैठक व्यवस्था हेतु कुर्सी, टेंट, चिकित्सा हेतु मेडिकल टीम, बुर्जुग मतदाताओं के सहयोग हेतु कर्मचारी लगाये गये है। आदर्श मतदान केन्द्रो का निर्माण विभिन्न थीमों जैसे-स्वच्छता, शिल्पकला, आदिवासी संस्कृति, बॉस हस्तशिल्प कला, जल संरक्षण, आदिवासी कला, प्लास्टिक मुक्त मतदान इत्यादि को लेकर किया गया है। जिले की पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 इस प्रकार कुल 5 दिव्यांग अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा संचालित दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1-1 यूथ मतदान केन्द्र भी बनाये गये है। जिले के 1581 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ द्वारा अपने क्षेत्र के मतदाताओं के सहयोग हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया गया है, मतदाताओं के मतदान के लिये मतदाता सूचना पर्ची का





वितरण घर-घर जाकर पीले चावल सहित एवं आदिवासी गोंडी एवं कोरकू भाषा में आमंत्रण पत्र के साथ किया जा चुका है। मतदाताओं के सहयोग हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता सहायता केन्द्र भी बनाये गये है जिनमें बीएलओ अल्फाबेटिकल मतदाता सूची लेकर उपस्थित रहेंगें। मतदाताओं को आवश्यकता पड़ने पर उनके नाम व सरल क्रमांक मतदाता सूची में ढूंढने में सहयोग प्रदान करेंगें। मतदाताओं की सहायता हेतु नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर नगरीय निकाय के कर्मचारियों को मतदाता मित्र के रूप में लगाया गया है, जो मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे है। मतदान दिवस पर मतदान कराये जाने हेतु 1581 मुख्य तथा 159 रिजर्व दल में अधिकारीध्कर्मचारी नियुक्त किये गये है, जिन मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाता है उस मतदान केन्द्र पर एक मतदान अधिकारी क्र.2 अतिरिक्त नियुक्त किये गये है। साथ ही 371 माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर की गई है। संपूर्ण जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। जिसके अंतर्गत 5590 पुलिस बल का नियुक्ति की गई है। जिसमें सीआरपीएफ दो यूनिट, आईटीबीपी एक यूनिट, मेघालय स्पेशल आर्म फोर्स एक यूनिट, म.प्र. स्पेशल आर्म फोर्स चार सभी मतदाताओं को मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान हेतु अपना मतदाता पहचान पत्र दिखाना आवश्यक है, ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिये निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपने मत का प्रयोग किया जा सकता है। 12 प्रकार के अन्य दस्तावेजो (जैसेर आधार कार्ड, पेन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको डाकघर द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, केन्द्र सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिल्टी (यूआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्रालय भारत सरकार, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, सांसदों विधायकों विधानसभा परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र) जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर पर मतदाताओं के सहयोग हेतु किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में कट्रोल रूम 1950 (24-7) संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हेतु आवश्यक पुलिस बल तैनात किया गया है तथा जिले के 1095 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग एवं 129 सीसीटीव्ही कैमरे तथा 45 वीडियोग्राफी के माध्यम से सतत निगरानी की जावेगी। सीसीटीवी एवं वेबकास्टिंग के माध्यम से 74 शेडो एरिया एवं 424 क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर सतत निगरानी की जावेगी। जिला स्तर पर जिला पंचायत बैतूल एवं विधानसभा स्तर पर वीडियो के द्वारा लाईव समस्त निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी की जावेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा बैतूल जिले के समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि वे दिनांक 07 मई 2024 दिन मंगलवार को अपने परिवार सहित सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक अपने परिवार सहित 100 प्रतिशत मतदान करना सुनिश्चित करें।

# रम्या कुंड पचमढ़ी: प्रकृति की गोद में बना एक अनोखा पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

रम्या कुंड एक उथला कुंड है जिसका पानी एकदम साफ है। रम्या कुंड का प्रवेश पचमढ़ी में रीछगढ़ के छोटे से रास्ते से होता है जो चौरागढ़ की ओर जाता है। तालाब के चारों ओर इतनी ठंडक है कि एक अनोखा अनुभव होता है। रम्या कुंड से लगातार पानी निकलता रहता है। रीछगढ़ से करीब एक किलोमीटर आगे स्थित यह क्रिस्टल क्लीन हर्बल पूल पचमढ़ी में कम पहचाने जाने वाले पॉइंट में से एक है। यहां पहुंचने के लिए आपको थोड़ी पैदल यात्रा करनी पड़ती है जिसमें आप लगभग दस मिनट तक एक सीधी जमीन पर चलते हैं और उसके बाद 300 फीट की लंबी चढ़ाई करते हैं जो इस झरने के मुहाने पर खत्म होती है। क्रिस्टल क्लियर उनके साथ जब आप इस कुंड में प्रवेश करेंगे तो तुरंत ही सैकड़ो की तादाद में छोटी मछलियां आपके पैरों की डेड स्किन खाने टूट पड़ती है। अपने शरीर में सैकड़ो मछलियों को लपका देखना भी एक अनोखा अनुभव होता है।

रामकुंड पूरी तरह पहाड़ों से घिरा हुआ शांत प्राकृतिक स्थल है। यह एक खूबसूरत पहाड़ी पर बना तालाब है जिसे मानसून के दौरान या उसके बाद बेहतरीन तरीके से देखा जा सकता है। नेचर रिजर्व प्राकृतिक दुनिया, फूलों, जीवों या भूवैज्ञानिक या अन्य विशेष रुचि की क्षमताओं के लिए महत्व का एक कवर किया हुआ स्थान है, जिसे संरक्षण और अध्ययन या शोध के लिए विशेष अवसर प्रदान करने के लिए आरक्षित और नियंत्रित किया जाता है। वन विभाग के एडी संजीव शर्मा ने बताया कि रमकुंड वाकई में एक काफी साफ और प्रकृति की गोद में बना हुआ प्राकृतिक पॉइंट है। हरीभूमि द्वारा हमें सूचित भी किया गया है कि पूर्व में बने स्टॉप डैम को पुनः बनाया जाए जिससे रामकुंड का भूभाग पहले की तरह गहरा और बड़ा हो सके। हम जल्द ही पूर्व की भांति लकड़ी और रेत की बोरियों से बने प्राकृतिक स्टाप डैम को पुनः बनाएंगे जिससे रमकुंड में ज्यादा पानी एकत्रित हो और वहां जाने वाले पर्यटकों को और भी बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके।







## समर्थन मूल्य पर खरीदी के बाद रिजेक्ट हुआ गेहूं, भुगतान अटका

# समय पर उपार्जन का भुगतान नहीं होने से परेशान हो रहे हैं अन्नदाता

किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी करने के बाद प्रबंधन द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया। जिससे किसानों का भुगतान अटका हुआ है। किसानों ने तत्काल भुगतान कराने की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर पिपरिया विकासखंड के 16 खरीदी केदो पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। लेकिन लगभग 12 खरीदी केदो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले किसान का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है वह राशि का इंतजार कर रहे हैं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन खरीदी केदो की एफसीआई के द्वारा जो गेहूं खरीदी के बाद गाड़ियां भेजी गई थी वह गाड़ियों का गेहूं एफसीआई अधिकारियों के द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया है तथा वह गाड़ी वापस भेज दी गई है। इन गाड़ियों में जिन किसानों का गेहूं खरीदा गया था जो रिजेक्ट हो चुका है उनके किसानों का भुगतान भी अभी अटका हुआ है किसाने लाखों रुपए का भुगतान अटका भुगतान नहीं होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसके लिए उनके जरूरी काम अटके हैं समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए कई किसानों में पंजीयन कर आए थे लेकिन अभी तक किसने की बड़ी संख्या में पंजीयन तो कर लिए लेकिन अभी तक किसानों के भुगतान की राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस बात को लेकर काफीप्रशासन शासन के अधिकारी परेशान है वहीं पर प्रबंधकों के द्वारा जो लापरवाही पूर्वक खरीदी की जा रही है जिसके कारण गाड़ियां वापस आ रही है उसके कारण प्रबंधकों का भी लाखों का नुकसान हो रहा है लेकिन किसानों का भुगतान न होने से सामने समस्या आज खड़ी है यहां तक की कई टन गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए अब किस दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं इसके कारण कई सामने आ रहे हैं जिससे प्रमुख कारण है कि एक तो समय पर भुगतान नहीं हो रहा दूसरा किसानों को मंडी में समर्थन मूल्य के बराबर ज्यादा दाम मिल रहे थे। खरीदने वाले के द्वारा भी अधिक अनाज आने से व्यापारी वर्ग के द्वारा भी कीमत गिरा दी गई है समर्थन मूल्य पर ऊपर बेचने का भुगतान अटका है किस राशि पाने के के लिए मजबूर हैं इसी सभी किसानों का भुगतान करना है जिसमें लाखों रुपए भुगतान हो चुका है ऐसे में किसान एवं प्रबंधक दोनों परेशान है कुछ किसानों को भुगतान हुआ है लेकिन कुछ का विशेष है जिनका मुख्य रूप से गाड़ियां वापस हुई हैं। प्रशासन आरके मेहरा प्रशसक्षी चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की राशि शासन स्तर से किया जाता है जिला और सीधे किसान के खाते में राशि आती है जिससे किसानों का भुगतान जिनका नहीं हुआ है वह भी शीघ्र हो जावेगा लेकिन जिन प्रबंधकों की गाड़ियां रिजेक्ट होकर वापस आई हैं उनमें जिन किसानों को गेहूं भरा है उनका ही भुगतान रुका हुआ है जो शीघ्र ही समाधान होने पर उनका भुगतान भी शासन के द्वारा कर दिया जाएगा।

## हरिद्वार के स्वामी विश्वरूपानंद गिरि 14 मई से करेंगे श्रीमद् भागवत कथा

इटारसी। वृंदावन गार्डन में 14 से 21 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन होगा। ब्रह्मलीन महंत सुंदरगिरि की स्मृति में आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में स्वामी शिवशंकरानंद गिरि सन्यास आश्रम मुंबई इस कथा का आयोजन करा रहे हैं। हरिद्वार के स्वामी विश्वरूपानंद गिरि महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा वाचन करेंगे। श्रीमद् कथा के अंतर्गत 14 मई को कलश शोभायात्रा न्यास कालोनी पानी की टंकी के पास दुर्गा मंदिर से सुबह 8 बजे निकाली जाएगी। इस दिन मंगलाचरण, भागवत महात्म, परीक्षित जन्म के साथ कथा आरंभ होगी। 15 मई को कपिल जन्म, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, भरत आख्यायान, 16 को नरसिंह प्राकट्य, प्रहलाद चरित्र, 17 मई को समुद्र मंथन, वामन अवतार, राम जन्म, कृष्णावतार, 18 मई को कृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजा, रास विहार, 19 कई को रुक्मणि विवाह, भगवान का द्वारिका आगमन, 20 मई को सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर वर्णन, परीक्षित मोक्ष तथा 21 मई को हवन प्रातः 7 से 9 बजे तक, प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक संत सम्मेलन, दोपहर 12 बजे से भंडारा, प्रसाद वितरण होगा।

# असामाजिक तत्वों ने तोड़ी शिलान्यास शिला




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नफीस खान द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में मुस्लिम कब्रिस्तान में ट्यूबवेल खुदवाया गया था एवं पानी की टंकी इंस्टॉल की गई थी।

इस कार्य के उद्घाटन पर छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी अजय कुमार वन विभाग के अधिकारी एवं शहर की प्रबुद्ध जनता मौजूद थी। कब्रिस्तान में उस वक्त उद्घाटन संबंधी शिलान्यास का पत्थर भी लगाया गया था जिसे कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा गया है। पचमढ़ी अंजुमन इस्लामिया कमेटी एवं शहर के नागरिकों द्वारा थाना प्रभारी को इस संबंध में ज्ञापन भी दिया गया है।

# फरियादी ने न्यायालय में लगाई न्याय की गुहार, कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खिरिया में 20 जुलाई 2022 को धारा 307 का एक मामला हुआ था जिसमें पुलिस के द्वारा 307 धारा नहीं लगाई गई थी मारपीट की धारा लगाकर फाइल को रफा दफा कर दिया गया था। आबिदका के परिवार जनों के द्वारा न्यायालय की शरण ली तो न्यायालय ने पुलिस को फटकार लगाते हुए जांच के लिए पुलिस एसडीओपी को निर्देशित किया है प्रकरण में फरियादी ललित की रिपोर्ट पर प्रदीप रघुवंशी, धनीराम रघुवंशी, सुरेश रघुवंशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने उनके साथ मारपीट की रिवाल्वर से फायर किया था डंडे से मारपीट की फरियादी ललित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन उसके बाद पांडे अस्पताल में भर्ती हो गए थे।

मामले का सत्यापन हुआ साक्षी कराया गया जिसमें चप्पल जोड़ी आदि का भी सत्यापन किया हरियाली पर चलाई बंदूक पिस्टल कारतूस की तलाश की गई फॉरेस्ट साइंस जांच में निरीक्षण किया गया। हरियाणवी ललित के कपड़े प्रयोगशाला सागर भेजे गए आरोपी पक्ष से वर्दी का शिव रघुवंशी पुत्री सुरेश रघुवंशी निवासी खड़िया के द्वारा शिकायत में जांच के लिए आवेदन न्यायालय में दिया गया था। इस पर सुनवाई करते हुए ने आरोपी प्रदीप रघुवंशी धनीराम रघुवंशी सौरभ रघुवंशी सुरेश रघुवंशी से 30 जुलाई 2022 को पूछताछ की थी फरियादी से ललित रघुवंशी माधव रघुवंशी कमलेश से पुराना विवाद होना बताया गया पूरे प्रकरण में मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट रितु वर्मा कटारिया में एसडीओपी को जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने आवेदन खारिज करते हुए आगे जांच के आगे दिए कोर्ट ने कहा है कि इस प्रकरण में धारा 307 बनती है फरियादी को न्याय नहीं मिल रहा है वह भटक रहा है इसलिए तत्काल कार्रवाई की जाए सत्य प्रताड़ित हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता फिर यह बात सिद्ध हो चुकी है।

# आशीष सेन बने सेन समाज के नगर अध्यक्ष

## नपाध्यक्ष ने दी बधाई एवं किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री सेन जयंती महोत्सव के अवसर पर धीरेंद्र सराठे का कार्यकाल पूरा होने पर उन्होंने स्वयं घोषणा की कि उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और उनकी इच्छा है कि आशीष सेन अध्यक्ष पद की जवाबदारी संभालें। राकेश सेन ने प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन कैलाश सेन ने किया। उपस्थित समाज जनों से राय ली गई सभी ने हाथ उठाकर करके अपनी स्वीकृति दी एवं आशीष सेन को सेन समाज इटारसी का अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अध्यक्ष आशीष सेन को बधाई दी, उन्हें पुष्प हार पहनाये तथा पूर्व अध्यक्ष धीरज सराठे के कार्यकाल की प्रशंसा कर कहा कि धीरज सराठे ने अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक संपन्न कर नई पीढ़ी को जवाबदारी दी। समाज सेवी प्रमोद पगारे ने धीरज सराठे के कार्यकाल की प्रशंसा की एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष सेन को बधाई दी।

# अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए सरपंच ने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नर्मदा किनारे सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री का कारोबार जमकर संचालित किया जा रहा है। तथा ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब के कारखाने भी चलाए जा रहे हैं।

शराब तैयार करके परिवहन भी की जा रही है। अभी तक पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग के द्वारा सिर्फ चिन्हित शराब बनाने वालों के खिलाफ ही छापामार कार्रवाई करते हुए प्रकरण तैयार किए हैं लेकिन नर्मदा किनारे ग्राम पंचायत सांडिया खेरा शिवनी धनश्री खापरखेड़ा गाडाघाट पचलावरा सहित अन्य ग्रामों में जमकर खुले आम शराब बेची जा रही है। लेकिन यहां पर अभी तक प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

इस बात को लेकर ग्राम पंचायत धनश्री के सरपंच हरभजन सिंह ठाकुर के द्वारा थाना प्रभारी पिपरिया को 6 को पत्र लिखा गया है जिसमें यह स्पष्ट कहा गया है कि ग्राम में अवैध शराब का कारोबार बिक्री लंबे समय से की जा रही है लेकिन अब ग्राम वासी ही परेशान हो चुके हैं इसलिए सरपंच ने मुख्य मार्ग पर आकर शिकवा शिकायत का कार्य प्रारंभ किया है। सरपंच हरभजन सिंह का कहना है कि अभी तक नहीं है जानकारी नहीं थी लेकिन जानकारी प्राप्त हुई है इसलिए उन्होंने तत्काल पुलिस प्रशासन को पत्र लिखा है। जिसमें मुख्य रूप से संतोष पटेल, गोपाल सिंह पटेल, योगेंद्र धनपाल पटेल, सरपंच सदा पटेल, गोविंद शर्मा, हरभजन सहित तमाम ग्राम वासियों ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर शराब विक्रय एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

# सेन समाज में निकली शोभायात्रा की पूजन, मिलन समारोह हुआ आयोजित



**बनखेड़ी।** बनखेड़ी नगर में सेन समाज द्वारा सेन जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया, इस अवसर पर सेन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्टेशन रोड हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार से होते हुए गोविंद पैलेस पर समापन हुआ ,गोविंद पैलेस में सेन समाज द्वारा मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, सर्वप्रथम समाज के समस्त नागरिकों ने सेन भगवान की पूजन की जिसके बाद बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वरिष्ठों के उद्बोधन संपन्न हुए ,उद्बोधन के बाद स्नेह भोज का आयोजन किया गया, शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष मुन्ना सराठे,बबलू सराठे, गुड्डू सराठे, निर्मल सराठे, मनोज सराठे ,गोलू सराठे, रम्मू सराठे, एवं समाज की महिलाएं ,पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रंगारंग रंगोलियों से सजे पोलिंग बूथ दीदीयों ने लगाई हाथों पर मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा।

सीहोर जिले के भैरूंदा स्वीप अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो ने ग्राम स्तर और बुथ स्तर पर स्वीप गतिविधि जैसे बुथ चले अभियान,नारी शक्ति वंदन, मानव श्रंखला व प्रभात फेरी, किसान संगोष्ठि, आदि मे रेली, घर घर सम्पर्क, पीले चावल से निमंत्रण समूह/संगठन की बैठक, पम्पलेट वितरण और दीवार लेखन आदि माध्यमो से कार्यक्रम बढ चड कर भाग लिया है, इसी स्वीप अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम रंगोली, मेहंदी एवं पोषण जागरूकता का है।

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीवका मिशन जिला सीहोर अंतर्गत आने वाला विकास खण्ड भैरूंदा मे शामिल विभिन्न ग्रामो के पोलिंग बुथो पर आजीविका स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो के द्वारा रंगा रंग विभिन्न प्रकार की चित्रकारी और कलाकृतियो की विभिन्न रंगो से रंगोलियां बनाकर पोलिंग बुथो को सजाया गया । मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खण्ड भैरूंदा अंतर्गत गठित संकुल स्तरीय संघ, उन्नति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संघ संकुल भैरूंदा प्रगति महिला आजीविका संकुल संघ चकल्दी आजीविका संकुल स्तरीय संघ संकुल पिपलानी के विभिन्न आजीविका ग्राम संगठनो मे शामिल आजीविका स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो ने पोलिंग बुथ पर रंगोली मेंहदी और पोषण जागरूकता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेकर पोलिंग बुथो पर रंगोली बनाई गई वही घर घर जाकर मेहंदी कोन से दीदीयो के हाथ मे मेहंदी से मतदान संबंधी संदेश लिखा गया और आने वाली मतदान साथ मई को सुबह से ही पालिंग बुथ पर जाकर मतदान करने का निवेदन किया गया। आयोजित रंगोली मेहंदी और पोषण जागरूकता कार्यक्रम मे विकासखंड के ग्राम पंचायत सीगॉव, ससली, छिपानेर, इटावा कला, नयापुरा सिहंपुर गोपालपुर, डोभा, भादाकुई, खनपुरा सोसायटी, श्यामपुर, रमगढा, दिगवाड, नन्दगाँव, बचगाँव, चकलदी, सुनेड, सीलकंठ, सहित आदि ग्रामो मे पोलिंग बुथो पर रंगोली बनाई गई। इस दौरान ग्रामो मे आजीविका मिशन के विकास खण्ड प्रबंधक नरेन्द्र यादव, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक, हरिनारायण मालवीय, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक नितिन धुर्वे, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक , रीता अहिरवार और सहायक विकास खण्ड प्रबंधक अनन गौरे सहित पोलिंग बुथ अवेरनेंस ग्रुप के सदस्य भी उनके उनके पोलिंग बुथ पर मौजूद रहे।




# सेन समाज ने भव्यता के साथ मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्ष भी सेन समाज द्वारा उनके अराध्य देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 724 वी जयंती सेन धर्मशाला में भव्यता के साथ मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की गई। सामाजिक बन्धुओं द्वारा सेन जी महाराज के जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये एवं समाज के उत्थान के लिये संगठित रहने की बात की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संत मोहितराम जी पाठक, राठौर समाज के अध्यक्ष सतीष राठौर, सर्व सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन, युवा सेन समाज के अध्यक्ष कामोद सेन, प्रदेश सेन समाज के महामंत्री एल.एस.सेन, महेश बगवईया, मनोज सेन, धर्मेन्द्र सेन, महिला सेन समाज अध्यक्ष सविता सेन एवं सामाजिक बन्धु युवा साथी, महिला संगठन, समाजसेवी हेमलता राठौर एवं अन्य महिला संगठन भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सर्व सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन, पं.मोहितराम पाठक ने दिनांक 7 मई 2024 को मतदान दिवस में सामाजिक बन्धुओं से अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का उपयोग करने की अपील की एवं सेन धर्मशाला से सेन मोहल्ला, हनुमान जी के मंदिर तक चल समारोह निकाला गया।

जगह-जगह अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा समाज का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अंत में कार्यक्रम का आभार विश्वास बगवईया द्वारा व्यक्त किया गया। अंत में सभी स्वजातीय बन्धु एवं आमंत्रित सामाजिक बन्धु सहभोज में शामिल हुए।

### मतदान केन्द्रों की मॉनिटरिंग के लिए वेबकास्टिंग और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था

# जिले के 517 मतदान केंद्रों पर आज होगा मतदान, 430450 मतदाता डालेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिये आज मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि जिले में कुल 430450 मतदाता है, जिनमें 222096 पुरुष, 208347 महिला तथा 7 अन्य मतदाता शामिल है। जिले की मतदाता सूची में 4296 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किये गये हैं। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता 2151, सेवा मतदाता 183 तथा 18-19 वर्ष की आयु के नव मतदाता 12170 हैं। हरदा विधानसभा में कुल 239104 मतदाता है, जिनमें 123322 पुरुष, 115775 महिला तथा 7 अन्य मतदाता शामिल है। टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 191346 मतदाता है, जिनमें 98774 पुरुष तथा 92572 महिला मतदाता शामिल है।

जिले में कुल 517 मतदान केन्द्र है, जिनमें से हरदा विधानसभा में 274 तथा टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 243 मतदान केन्द्र हैं। इनमें से 16 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र तथा 100 मतदान केन्द्रों को पिंक बूथ के रूप में तैयार किया गया है। जिले में कुल 18 सेक्टर बनाए गए हैं। सभी सेक्टर्स में एक-एक सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। मतदान केन्द्रों की मॉनिटरिंग के लिये वेबकास्टिंग और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 7 मतदान केन्द्रों की वीडियाग्राफी भी कराई जाएगी। विधानसभा क्षेत्र में कुल 274 मतदान केन्द्र है, जिनमें से 164 मतदान केन्द्रों के अंदर वेबकास्ट के माध्यम से नजर रखी जायेगी। कुल 42 मतदान केन्द्रों के बाहरी हिस्से की वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। इसी तरह टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 243 मतदान केन्द्र है, जिनमें से 101 मतदान केन्द्रों के अंदर की वेबकास्टिंग होगी तथा 45 मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जायेगी। इसके अलावा टिमरनी क्षेत्र के कुल 36 मतदान केन्द्रों के बाहरी हिस्से की वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है।




**मतदान दल हुए रवाना**

सोमवार सुबह से स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से हरदा और टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान दल अपने-अपने वाहनों से मतदान सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी मशीन लेकर रवाना हुए। मतदान दलों को माल्यार्पण कर उनके मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया।

## चर्चा में मैडम का वीडियो



लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में मतदान दल रवाना हो चुके हैं। इसी बीच मतदान दल में शामिल एक मैडम का एश्ट मशीन ले जाते हुए वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। काला चश्मा पहनकर मैडम के गले में फूलों की माला, एक हाथ में गुलदस्ता और एक हाथ से ईवीएम मशीन की पेटी ले जा रही हैं। सिम्पल और सादगी से परिपूर्ण मैडम के इस लुक की सभी तरफ प्रशंसा हो रही है। मालूम हो कि यह मैडम हरदा के स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में पदस्थ दीपिका सेठे हैं।

## कलेक्टर-एसपी ने मतदान केंद्रों का जायजा लिया



**हरदा।** सोमवार को मतदान दल हरदा के पॉलिटेक्निक कॉलेज से रवाना हो गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह और एसपी अभिनव चौकसे ने सोमवार शाम को मुहालकला, मांदला, चारुवा, छीपावड़ और मोरगड़ी के मतदान केंद्रों में जाकर वहां पहुंचे कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने मतदान दलों की भोजन व्यवस्था, रात्रि विश्राम व्यवस्था के संबंध में पंचायत सचिव और जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। एसडीएम खिरकिया संजीव नागू भी इस दौरान मौजूद थे। कलेक्टर ने इस अवसर पर मोरगड़ी के मतदान केंद्र में पौधारोपण किया। मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए मोरगड़ी का मतदान केंद्र आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कलेक्टर ने मतदान केंद्र की सजावट की सराहना की।

### झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से महिला की मौत

## दोषी डॉक्टर को 7 साल कारावास 2 लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रहटगांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से करीब ढाई साल पहले एक महिला की मौत के मामले में न्यायालय ने दोषी डॉक्टर को सात साल की सजा और 2 लाख रूपये का अर्थदंड लगाया है। जिला अतिरिक्त लोक अभियोजक, विपिन सोनकर ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरूद्ध थाना रहटगांव में अपराध क्रमांक 13/22 पंजीबद्ध किया गया था।

पुलिस ने अपराध का अनुसंधान करने के बाद चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। आरोपी पर आरोप था कि उसके द्वारा 27 दिसंबर 21 को मृतिका उषा बाई को ऐलोपेथिक पद्धिति से उपचार करते हुए उसे ऐलोपेथिक दवा दी और उपचार किया। सोनकर के अनुसार आरोपी को जानकारी थी कि उसे उपचार करने की कोई भी विशेषज्ञता नहीं है, यह जानते हुए भी उसने उपेक्षा पूर्ण कार्य कर मृतिका उषा बाई को ऐलोपेथिक पद्धति से उपचार कर उसकी मृत्यु कारित की। जो धारा 304 भादवि के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। आरोपी ने मृतिका उषा बाई को बिना वैध लाइसेंस के ऐलोपथिक पद्धति के उपचार किया जो म०प्र० राज्य आयुर्विज्ञान परिषध अधिनियम 1956-1958 की धारा 24 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। न्यायालय के द्वारा प्रकरण का अवलोकन कर विचारण किया गया। संपूर्ण विचारण एवं साक्ष्य विशलेषण उपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश हरदा द्वारा आरोपी वीरसिंह पिता रामलाल तंवर, उम्र 52 वर्ष को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 304 भाग 2 भादवि में 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 2 लाख रूपये का अर्थदंड एवं म०प्र० राज्य आयुर्विज्ञान परिषध अधिनियम 1956-1958 की धारा 24 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 5000 रूपये का अर्थदंड से दंडित किया गया।

### आरओ के पानी से ही बनाना पड़ेगा शरबत

## ननि की टीम ने चौपाटी क्षेत्र में फिर की कार्रवाई, 2 दुकानदारों पर स्पॉट फाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

डायरिया की रोकथाम के लिए नगर निगम की टीम द्वारा शहर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। होटल, खाद्य सामग्री की दुकानों, कैफे आदि की जांच कर चालान बनाए जा रहे हैं। रविवार रात भी नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग प्रभारी राजेश मिश्रा चौपाटी क्षेत्र पहुंचे। यहां दो दुकानदारों द्वारा आरओ के पानी की बजाए घर से लाए गए सादे पानी से सामग्री बनाई जा रही थी। दो दुकानदारों पर 500-500 रुपए का चालान बनाया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा ने बताया कलेक्टर भव्या मित्तल ने निर्देश दिए हैं कि ठेले आदि पर खाद्य पदार्थ बनाते समय आरओ का पानी ही यूज किया जाए। अधिकांश दुकानदार घर से लाया गया पानी उपयोग करते थे। लेकिन अब सुधार हो रहा है। डायरिया की रोकथाम के लिए सख्त हिदायत दी गई है। साथ ही चालानी कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी। वहीं प्रशासन, नगर निगम की हिदायत के बाद अब अधिकांश दुकानदार आरओ का पानी ही ला रहे हैं। इसलिए उनके चालान नहीं बनाए गए।

### सभी तैयारियां हुई पूर्ण, दल मतदान केंद्रों पर पहुंचे

## हरसूद क्षेत्र में आज होगा मतदान मतदाता चुनेंगे अपना प्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान सम्पन्न होगा। इसके लिए हुकुमचंद यादव शासकीय नवीन आदर्श स्नातक महाविद्यालय नहाल्दा से आज सुबह मतदान दल रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि बैतूल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 257 मतदान केन्द्र स्थित है। स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिये जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने नहाल्दा स्थित नवीन आदर्श महाविद्यालय से मतदान दलों को ले जा रही बसों को रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी खतेड़िया, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार मौजूद थे।

इस अवसर कलेक्टर सिंह ने मतदान सामग्री ले रहे मतदान दलों से सेक्टर में जाकर उपलब्ध सामग्री की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मतदान दलों के अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे निडर होकर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करायें, किसी तरह की कोई परेशानी हो तो अपने सेक्टर अधिकारी को सूचित करें। सभी मतदान अधिकारी अपने अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए है। इसी क्रम में मतदान केंद्र क्रमांक 1 चिखली में मतदान दल का रंगोली बनाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

### परिजन ने किया हंगामा, आश्वासन पर माने

## रेणुका मंडी क्षेत्र में बिजली के पोल पर काम कर रहे युवक की करंट लगने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

रविवार को रेणुका मंडी क्षेत्र में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ठेकेदार के पास कार्यरत एक आउटसोर्स कर्मचारी बिजली पोल पर काम कर रहा था। इस दौरान करंट लगने से वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम हुआ।

पोस्टमार्टम के दौरान परिजन ने आरोप लगाए कि ठेकेदार रविवार के दिन काम करा रहा था। सीएम आज आने वाले हैं। इससे पहले मंडी क्षेत्र में बिजली लाइन का काम हो रहा था। वहीं बिजली कंपनी अफसरों का कहना है कि जहां काम हो रहा था वह हेलीपेड से काफी दूर है। इधर परिजन ने मुआवजे की मांग करते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया था, लेकिन बिजली कंपनी अफसर, पुलिस, तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर समझाईश दी। कुछ लोग रोड पर जाकर बैठ गए थे, लेकिन प्रशासन की समझाईश के बाद वापस आए और शव लेकर चले गए।

**यह है पूरा मामला**

रूपेश पिता विठ्ठल पाटिल 24 साल निवासी ग्राम पातोंडा बिजली कंपनी में ठेकेदार के पास आउटसोर्सिंग पर काम करता था। रविवार को रेणुका मंडी क्षेत्र में पोल पर काम करते समय करंट लगने से वह घायल हो गया था। रविवार सुबह युवक की मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के समय मृतक के परिजन ने आक्रोश जताया। मृतक के पिता विठ्ठल पाटिल ने कहा मेरा बेटा अच्छा खिलाड़ी था। वह कबड्डी में कई बार बड़ी बड़ी टीमों को हरा चुका था। होनहार बेटे की मौत लापरवाही के कारण हुई। वहीं मृतक के रिश्तेदारों ने मुआवजे की मांग की। मृतक के काका के लड़के नितिन पाटिल ने कहा लाइन की व्यवस्था के लिए एमपीईबी के कर्मचारियों ने वहां भेजा था। लापरवाही से मेरे भाई की मौत हुई है। 50 लाख रूपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए। नहीं तो डेथ बॉडी नहीं ले जाएंगे। मृतक चार पांच साल से बिजली कंपनी में काम कर रहा था। मौके पर तहसीलदार रामलाल पगारे, लालबाग थाना प्रभारी अमित सिंह जादौन आदि भी पहुंचे। साथ ही जनप्रतिनिधियों में भाजपा नेता गजेंद्र पाटिल, कांग्रेस नेता अजय सिंह रघुवंशी भी पहुंचे और परिजन, अफसरों से चर्चा की।

### भुसावल और भोपाल डिवीजन डीआरएम ने की नई व्यवस्था

## स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म की ट्रेनें 9 मई से प्लेटफार्म 6 पर आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



आदर्श स्टेशन खंडवा में एक नई शुरुआत के रूप में 6 नंबर प्लेटफार्म 9 मई से शुरू होने जा रहा है। जहां इटारसी से आने वाली सभी गाड़ियां 6 नंबर प्लेटफार्म पर आएंगी और भुसावल तरफ जाएंगी। समाजसेवी एवं रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य सुनील जैन ने बताया कि पूर्व सांसद नंदकुमार सिंह चौहान द्वारा स्टेशन पर लगातार बढ़ रहे दबाव को देखते हुए रेलवे केंद्रीय मंत्री से अतिरिक्त 6 नंबर प्लेटफार्म तैयार करवा कर आने जाने के लिए एक और सुविधा रेल यात्रियों के लिए उपलब्ध कराने की स्वीकृत कराई थी। वर्तमान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने लगातार रेल मंत्री से मिलकर 6 नंबर प्लेटफार्म पर सुविधा शीघ्र यात्रियों को उपलब्ध हो इसके प्रयास किये। जिससे 6 नंबर प्लेटफार्म बनकर तैयार हुआ।

विगत कई वर्षों से 6 नंबर प्लेटफार्म एवं अन्य सुविधाओं का कार्य चल रहा था। शनिवार को भुसावल डीआरएम इति पांडे ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ खंडवा स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरिक्षण किया। विशेष कर 6 नंबर प्लेटफॉर्म पर चल रही तैयारी को भी व्यवस्थित रूप से कुछ कमीयों को देखकर तत्काल पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। समाजसेवी सुनील जैन से चर्चा करते हुए इति पांडे ने कहा कि 9 मई से प्लेटफार्म नंबर 6 से ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इटारसी से आने वाली सभी ट्रेनें 6 नंबर प्लेटफार्म पर पहुंचेंगी 6 नंबर प्लेटफार्म पर लगातार सुविधा यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही है। अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी लगातार रेल प्रशासन कर रहा है। डीआरएम भुसावल इती पांडे ने शनिवार शाम खंडवा पहुंचकर 6 नंबर प्लेटफार्म और अन्य प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। स्टेशन पर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। शनिवार ही दोपहर में भोपाल डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी भोपाल इटारसी खंडवा के रूटिंग अवलोकन के लिए स्पेशल कोच से खंडवा पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समाजसेवी सुनील जैन ने त्रिपाठी से चर्चा करते हुए कहा कि भीड़ खंडवा सटल पर न चलने के के कारण छात्र-छात्राओं किसान एवं व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शटल ठीक समय पर चले, और साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए खंडवा इटारसी भोपाल मेमू ट्रेन भी प्रस्तावित है उसे भी मंजूर करवाए। रेलवे विभाग की जानकारी अनुसार ट्रैक परिवर्तन के कारण 9 मई से संभवत खंडवा बीड सटल सुबह का एक फेरा ही लगायेगी।

## गणगौर में दिन में दूल्हा बने धनियर राजा दुल्हन बनी गौरा को भक्तों ने दिया झालरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

टेमागांव, पानतलाई, पढ्मा, पांडमाटी, मगरदा, दुलिया में इन दिनों गणगौर उत्सव की धूम है। दूल्हा बने धनियर राजा और दुल्हन बनी गौरा रानी को दिन में श्रद्धालु झालरे दे रहे हैं। महिलाएं बाग-बगीचों में पाती खेल रही हैं। रात में गणगौर मंडल भजनों पर तरह-तरह के स्वांग रच रहे हैं। भजनों पर नृत्य कर रहे हैं। इस दौरान भागवान कृष्ण के कालिया नाग के मर्दन, महाकाली के रौद्र रूप की नृत्य नाटिका सहित अन्य नाटिका की प्रस्तुति खूब सराही जा रही है। महाकाली के रौद्र रूप को शांत करने लेटे महादेव पर पैर रखाने की नृत्य नाटिका के समापन पर श्रद्धालु महामाई की जय और हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे हैं। पानतलाई टेमागांव, मगरदा, दुलिया, पाडरमाटी, पडमा, जिजगांव, कुकरावद, भाईली सहित अन्य गांवों में गणगौर उत्सव चल रहा है। इसमें शारदा गणगौर मंडल टिमरनी, श्रीठाकुर बाबा गणगौर मंडल टिमरनी, मित्र मिलन गणगौर मंडल रहटगांव, सिराली, हरदा, खिरकिया मंडल के खंडवा सीहोर जिले के कलाकार एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दे रहे।

### 13 को होगा मतदान, सभी राजनीतिक दल जनता की नब्ज टटोलने में जुटे

# नेपानगर में बोले मुख्यमंत्री यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर नहीं है काले तिल जैसा कोई भी दाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नेपानगर

देश के विकास के लिए अब की बार 400 पार का संकल्प हमको लेना है। देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के तीसरी बार फिर से विजयी बना कर देश के विकास में अहम भूमिका निभानी है। यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा के धूलकोट क्षेत्र में कही। सोमवार को नेपानगर विधानसभा के धूलकोट क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारी खुशकिस्मती है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में काले तिल जैसा कोई दाग नहीं है। प्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने चुनावी सभा में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस धर्म विरोधी पार्टी है। यह लोग न तो राम को मानते हैं न ही हनुमान को मानते और न ही सनातन धर्म को मानते हैं। इन लोगों ने राम के नाम पर ही सवाल खड़े कर दिए थे। कांग्रेस ने 50 साल में जो देश में विकास कार्य नहीं किया वह विकास कार्य नरेंद्र मोदी की सरकार ने मात्र 10 साल में कर दिए है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि धूलकोट क्षेत्र की जनता ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को दिया है दिल खोलकर आशीर्वाद दिया है।

धूलकोट क्षेत्र में जो भी विकास का कार्य हुआ है वह भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया है। डबल इंजन की सरकार लगातार विकास का कार्य कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से कहा कि धूलकोट की भोली भाली जनता आपसे ज्यादा मांग नहीं कर रही है बस 2005 से वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासी भाइयों को पट्टे मिल जाए और अंबा क्षेत्र में एक तालाब की सख्त जरूरत है जो आप पूरा कर दे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आचार संहिता खत्म होने पर दोनों ही मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का वादा किया।



**सीएम ने राहुल पर कसा तंज**

*नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के धूलकोट क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करने आए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस के राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी को दिमाग से पूरी तरह बोने है। राहुल गांधी को पप्पू क्यों कहते हैं यह मैं आज आप लोगों को बताता हूं। मुख्यमंत्री ने पूछा आम जनता से क्या आलू से सोना निकलता है लेकिन कांग्रेस के पप्पू आलू से सोना निकालते हैं। अभी कुछ दिनों पहले इन्होंने कहा कि आप कांग्रेस को वोट दो मैं गरीबी हटा दूंगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो काम इनके पर नाना दादी पिता और मां प्रधानमन्त्री होते हुए नहीं कर पाए वह काम यह करेंगे।*